# कार्यालय, परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना मनोरा (छ.ग.)

## परिशिष्ट – एक

### ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता/मिनी कार्यकर्ता/सहायिका पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना

क्रमांक/357/स्था./आई.सी.डी.एस./2022–23 मनोरा, दिनांक 20/1/2023

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि बाल विकास परियोजना मनोरा जिला जशपुर (छ०ग०) अंतर्गत संचालित निम्नानुसार ऑगनबाड़ी केंद्रों के लिए पद रिक्त होने के कारण से नियुक्ति की जानी है। इस हेतु आवेदन का प्रारूप परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है। यह पद केवल महिलाओं हेतु है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यार्थी अपना आवेदन पत्र दिनॉक ...23.01.2023... से दिनॉक .13.02.2023... तक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना मनोरा जिला जशपुर को पंजीकृत डाक एवं स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते है। विलंब से प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

- **रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार है :–**

| क्र. | आंगनबाड़ी केन्द्र जहाँ कार्यकर्त्ता/सहायिका/मिनी कार्यकर्ता नियुक्त किया जाना है। | केंद्र क्रमॉक | ग्राम पंचायत का नाम | पद का नाम |
|---|---|---|---|---|
| | **आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता हेतु रिक्त केन्द्र** | | | |
| 1 | बादरकोना | 22402070520 | मुटू | आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता |
| 2 | केसरा | 22402070113 | टेम्पू | आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता |
| 3 | अलोरी | 22402070901 | अलोरी | आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता |
| 4 | झरगॉव | 22402070907 | अलोरी | आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता |
| 5 | खो. बेंजोरा | 22402070210 | खरसोता | आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता |
| 6 | अम्बाटोली | 22402070619 | करदना | आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता |
| | **आंगनबाड़ी सहायिका हेतु रिक्त केन्द्र** | | | |
| 1 | कलारू | 22402070507 | रजला | आंगनबाड़ी सहायिका |
| 2 | खुँटापानी | 22402070610 | खुँटापानी | आंगनबाड़ी सहायिका |
| 3 | गुतकिया | 22402070920 | पण्डरसिली | आंगनबाड़ी सहायिका |
| 4 | डुमरटोली | 22402070706 | सोनक्यारी | आंगनबाड़ी सहायिका |
| 5 | हरिजनपारा | 22402070523 | मुटू | आंगनबाड़ी सहायिका |
| 6 | टेम्पू | 22402070116 | टेम्पू | आंगनबाड़ी सहायिका |
| 7 | डीहडॉड़ | 22402070107 | मनोरा | आंगनबाड़ी सहायिका |
| 8 | पण्डरसिली | 22402070724 | पण्डरसिली | आंगनबाड़ी सहायिका |
| 9 | गड़ियोटोली | 22402070106 | मनोरा | आंगनबाड़ी सहायिका |
| 10 | चड़िया | 22402070423 | चड़िया | आंगनबाड़ी सहायिका |
| 11 | खुखरापाठ | 22402070315 | मधवा | आंगनबाड़ी सहायिका |
| 12 | धसमा | 22402070126 | करदना | आंगनबाड़ी सहायिका |
| 13 | जरिया(शांतिनगर) | 22402070418 | जरिया | आंगनबाड़ी सहायिका |
| 14 | लुखी | 22402070304 | लुखी | आंगनबाड़ी सहायिका |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता हेतु रिक्त केन्द्र** | | | | |
| 1 | करंजटोली | 22402070134 | टेम्पू | मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता |
| 2 | चर्चहाउस | 22402070139 | खोंगा | मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता |

- **आवेदन किये जाने हेतु निम्नानुसार आर्हताएँ है :–**

**1.** आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। (एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली सहायिका/सह–सहायिका/संगठिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जावेगी।

**2.** आवेदिका उसी ग्राम की स्थायी निवासी होना चाहिए जिस ग्राम में आंगनबाड़ी केन्द्र/मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है।

**3.** निवासी होने के प्रमाण :–

1. ग्राम की अद्यतन मतदाता सूची में दर्ज नाम हो तो आवेदन पत्र में उसके क्रमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जावे।
2. ग्राम पंचायत के सरपंच अथवा उप सरपंच अथवा पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें ग्राम में निवासरत रहने का पता सहित स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जावेगा।

**4. आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होनी चाहिए :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता /मिनी कार्यकर्ता पद हेतु | 12 वीं अथवा 11 वीं बोर्ड उत्तीर्ण |
| 2 | आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु | 8 वीं बोर्ड उत्तीर्ण |

(कक्षा आठवीं, दसवीं, बारहवीं, का अंकसूची में ग्रेडिंग होने पर आवेदिका की स्वयं की जिम्मेदारी होगी कि संबंधित स्कूल के प्रधान पाठक से हस्ताक्षरित अंक तालिका प्राप्त कर आवेदन फॉर्म के साथ संलग्न करेंगे यह अंक तालिका स्कुल के रिकार्ड में उपलब्ध होती है। अंक तालिका उपलब्ध न कराने पर ग्रेडिंग वाले अंकसूची पर अंक प्रदान नहीं किये जायेंगे, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।)

**टीप** :– उपरोक्तानुसार शहरी/ग्रामीण/आदिवासी परियोजना में कोई आवेदिका न मिलने पर कार्यकर्त्ता पद हेतु शैक्षणिक योग्यता शिथिल मानकर दसवीं बोर्ड रखी जावेगी। इस अनुसार कोई आवेदिका न मिलने पर पुनः शिथिल मानकर आठवी बोर्ड एवं इसके उपरांत भी आवेदिका न मिलने पर पाँचवी उत्तीर्ण रखी जावेगी। मिनी कार्यकर्त्ता पद में भी उपरोक्तानुसार शैक्षणिक योग्यता वाली आवेदिका न मिलने पर शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रावधान शिथिल कर कम शैक्षणिक योग्यता के आवेदन पर भी विचार किया जावेगा।

**5.** अनुभवी कार्यकर्ता/सहायिका/मिनी कार्यकर्ता होने पर, गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार (वर्ष 2011) एवं अनुसूचित जाति, जनजाति परिवार की महिला होने पर तथा विधवा, परित्यक्ता अथवा तलाकशुदा महिला होने पर अतिरिक्त अंक दिए जायेंगे। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न करें। परित्यक्ता होने की स्थिति में ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर द्वारा जारी प्रमाण पत्र अथवा न्यायालय द्वारा जारी तत्संबंधी आदेश मान्य किया जायेगा। परित्यक्ता के संबंध में 02 वर्ष की अवधि ही मान्य होगी। तलाकशुदा होने की स्थिति में न्यायालय द्वार जारी तत्संबंधी आदेश संलग्न किया जावे। यदि आवेदिका आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित कन्या आश्रम में रहकर कक्षा 8 वीं तक अध्ययन किए हों तो संबंधित आश्रम से प्रमाण पत्र प्राप्त कर आवेदन के साथ संलग्न करें।

**6.** सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य किये जायेंगे। अस्थायी जाति प्रमाण पत्र होने की स्थिति में वैधता अवधि समाप्त न हुई हो।

**7.** यदि आवेदिका 2011 के बी पी एल सर्वे सूची के अनुसार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के अंतर्गत आते है तो सामाजिक आर्थिक एवं जाति जनगणना 2011 के ऑकड़े के आधार पर वे बी. पी.एल. सर्वे क्रमॉक ............ संबंधित ग्राम पंचायत/जनपद पंचायत से प्राप्त करें तथा (सक्षम अधिकारी)/ मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करें। 2002 का बी. पी. एल. मान्य नहीं होगा।

8. समस्त दस्तावेज अभिप्रमाणित / स्व प्रमाणित होने चाहिए। अप्रमाणित दस्तावेज मान्य नहीं किये जायेंगे।

9. जन्म तिथि के सत्यापन हेतु 8 वीं अथवा 10 वीं की अंकसूची अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

उपरोक्तानुसार अर्हता रखने वाले इच्छुक आवेदिकाएं रिक्त पद हेतु आवेदन कर सकते हैं। ऑगनबाड़ी कार्यकर्ताओं/ सहायिकाओं का पद पूर्णतः मानसेवी व अशासकीय है। चयनित होने पर इन्हें केंद्र शासन एवं राज्य शासन द्वारा निर्धारित मानदेय /अतिरिक्त मानदेय कार्यकर्ता को 6500 रूपये, मिनी कार्यकर्ता को 4500 रूपये तथा सहायिकाओं को 3250 रूपये दिया जावेगा।

Sd/-
परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना
मनोरा, जिला–जशपुर (छ.ग.)

पृ0 क्रमांक/ 358 /स्था./आई.सी.डी.एस./2022–23

मनोरा, दिनांक 20/1/2023

**प्रतिलिपि :–**

1. संचालक महोदया महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर महोदय जिला–जशपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जशपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
4. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जशपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
5. जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास जशपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
6. उप संचालक जन संपर्क विभाग, जशपुर की ओर सादर सूचनार्थ। कृपया लोक हित में स्थानीय 02 समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करेंगे।
7. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी जशपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
8. अध्यक्ष महोदया, जनपद पंचायत मनोरा की ओर सादर सूचनार्थ।
9. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मनोरा की ओर सादर सूचनार्थ।
10. सर्व पर्यवेक्षक, एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना मनोरा की ओर सूचनार्थ। कृपया विज्ञापन की प्रति संबंधित ग्राम पंचायत सरपंच/सचिव को तामिल कराकर प्राप्ति अभिस्वीकृति इस कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
11. ग्राम पंचायत सरपंच/सचिव ...................................... की ओर सूचनार्थ। कृपया अपने पंचायत में जारी विज्ञापन के संबंध में पर्याप्त प्रचार प्रसार करें एवं ग्राम कोटवार के माध्यम से मुनादी भी कराना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत के सूचना पटल में भी एक प्रति चस्पा की जावे।

परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना
मनोरा, जिला–जशपुर (छ.ग.)